प्रेस विज्ञप्ति

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय में दिनांक 19 और 20 अक्टूबर 2022 को अटल हॉल में व्यवसाय प्रबंधन विभाग और आंतरिक गुणवत्ता मूल्यांकन सेल (IQAC) द्वारा "तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से स्टॉक मार्केट निवेश" नामक 2-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

दूसरे दिन के सत्र के विशेषज्ञ सीए राज पांडे (हेड एजुकेटर, स्टॉकपे प्राइवेट लिमिटेड) ने शेयर बाजार में जोखिम प्रबंधन और ट्रेडिंग से जुड़े डर के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न शेयरों के चार्ट को पढ़ने और अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए सही बिंदु पर निवेश करने के तरीके का प्रदर्शन करके दिखाया। उन्होंने स्टॉकपे एप्लिकेशन पर दो गतिविधियों का आयोजन किया जिसमें छात्रों ने लाइव ट्रेडिंग का अनुभव किया और विभिन्न पुरस्कार भी जीते।

धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. दोआ नकवी (सह-संयोजक) ने दिया। कार्यक्रम में व्यवसाय प्रबंधन विभाग के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय

लखनऊ